प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 16.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- जेएसएससी–सीजीएल में सफल अभ्यर्थियों का सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन जारी, बढ़ाई गयी जेएसएससी परिसर की सुरक्षा।
- ईडी के समन की अवहेलना के खिलाफ आज झारखंड उच्च न्यायालय में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की याचिका पर फिर होगी सुनवाई।
- देश आज मना रहा है विजय दिवस, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, समेत तमाम नेताओं ने दी सैनिकों को श्रद्धांजलि।
- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के एक सौ पचास वर्ष हुए पूरे, राज्यपाल ने दी बधाई और झारखंड मॉनसून रिपोर्ट –2024 का किया लोकार्पण।
- रांची में आयोजित तीन दिवसीय झारखंड तलवारबाजी प्रतियोगिता में 19 गोल्ड जीतकर रांची टीम बनी चैंपियन।

****************

जेएसएससी सीजीएल में सफल अभ्यर्थियों का सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन राजधानी के नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय में जारी है। दो पाली में हो रहे इस वेरिफिकेशन में आज चार सौ पचास उम्मीदवारों के प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी। गौरतलब है कि सीजीएल परीक्षा के परिणाम रद्द करने को लेकर आज छात्रों ने जेएसएससी कार्यालय के सामने आंदोलन करने का ऐलान किया है। इसके मद्देनजर इस क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी गयी है। जिसके तहत किसी भी प्रकार का विरोध–प्रदर्शन, धरना करना गैरकानूनी होगा। इसे लेकर जेएसएससी कार्यालय के आसपास के इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतेज़ाम किए गए हैं।

रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने छात्रों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के आक्रामक प्रदर्शन में भाग लेने से बचें।

****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के लैंड स्कैम से जुड़े ईडी के समन की अवहेलना के खिलाफ आज झारखंड उच्च न्यायालय में फिर से सुनवाई होगी। 4 दिसंबर को मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की बंच ने एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होने पर छूट दी थी। इस पर ईडी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था।

****************

देश आज विजय दिवस मना रहा है। विजय दिवस हर साल 16 दिसंबर को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में मनाया जाता है। इस युद्ध के परिणामस्वरूप बांग्लादेश को भी आजादी मिली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, समेत तमाम नेताओं ने विजय दिवस के अवसर पर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी है। यह दिन भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है और देश सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को श्रद्धांजलि देता है।

****************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने छत्तीसगढ़ दौरे पर बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों और उनके परिवारों से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के साथ–साथ नक्सली हिंसा से प्रभावित लोगों के कल्याण के लिए एक व्यापक योजना बना रही है।

****************

गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने लाखो रुपए मूल्य की अवैध कोयला लदी छह गाड़ियों को जब्त किया है। गिरिडीह एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर छापा मारकर 3 ट्रक और 3 पिकअप गाड़ी जब्त की गई है। इस दौरान एक कोयला तस्कर गिरफ्तार किया गया है।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****************

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज रांची में कार्यशाला आयोजित की गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और अन्य संबंधित विभागों द्वारा इसका आयोजन किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। उन्होंने झारखंड मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड–2024 का लोकार्पण किया. साथ ही आईएमडी की थीम सॉन्ग लॉन्च की। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में मौसम विज्ञान विभाग की महत्वपूण भूमिका होती है।

****************

गढ़वा जिले  में ठंड के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। गढ़वा का न्यूनतम तापमान चार दशमलव पांच डिग्री सेल्सियय पर पहुंच गया है.।

****************

मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन का निधन हो गया है। 73 वर्षीय हुसैन को हृदय संबंधी समस्याओं के बाद सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पूरा देश उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है। गौरतलब है कि छह दशक के करियर में श्री हुसैन ने पांच ग्रैमी पुरस्कार जीते। साथ ही उन्हें 1988 में पद्म श्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 पद्म विभूषण पुरस्कारों से नवाजा गया था।

****************

तीन दिवसीय झारखंड तलवारबाजी प्रतियोगिता में 19 गोल्ड, 16 सिल्वर और 27 ब्रॉन्ज के साथ रांची टीम चैंपियन बनी। रांची की टीम ने कुल 62 मेडल जीते। इस प्रतियोगिता में रामगढ़ को दूसरा और हजारीबाग को तीसरा स्थान मिला। राजधानी रांची के आईडियल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में 16 जिलों के करीब दो सौ पचास प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

****************

68वें नेशनल स्कूल गेम्स के अंडर–17 बॉक्सिंग में राज्य के मुक्केबाज देवराना ने स्वर्ण पदक जीत लिया है। दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्होंने सेमीफाइनल में उत्तराखंड को 5–0 से हराया और फाइनल में तमिलनाडु को 5–0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। पलामू जिले के रत्नाग, पांडु स्थित उत्कृष्ट +2 उच्च विद्यालय के 11वीं कक्षा के छात्र देवराना की इस शानदार जीत पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, राज्य टीम के कोच अनुपम तिवारी समेत अन्य अधिकारियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

****************